महत्वपूर्ण एवं खास

विदेश में अध्ययन के लिए केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना लागू

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जाति, भूमिहीन, खेतीहर मजदूरों, विमुक्त घुमंतु और अर्ध घुमंतु जनजातियां और पारंपरिक कारीगर श्रेणी के कम आय वाले विद्यार्थियों के लिए विदेश में अध्ययन की सुविधा के लिए केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना लागू की गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी की शैक्षणिक योग्यता 60 प्रतिशत अंको के स्नातक उत्तीर्ण, आयु 35 वर्ष से कम एवं पालक की वार्षिक आय 8 लाख रूपये से कम होनी चाहिए। संबंधित वर्ग के विद्यार्थी जो उक्त छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेशों में अध्ययन करना चाहते हो केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, पुराना कलेक्टर परिसर, विवेकानंद मार्ग जांजगीर से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

गुजरात नम्बर के कार में 41 लाख से अधिक का मादक पदार्थ पकड़ाया, तस्कर फरार

महासमुंद (आरएनएस)। जिले में सूखे नशे के खिलाफ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने ओडिशा से छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी करते मारूति आर्टिका कार को जब्त किया है. वहीं तस्कर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया है. इस कार्रवाई में पुलिस ने 165 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है. जब्त मादक पदार्थ की कीमत लगभग 41 लाख 25 हजार रूपये बताई जा रही है. यह मामला बसना थाना क्षेत्र का है। छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्य ओडिशा से लगातार अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन महासमुंद के रास्ते किये जाने की सूचना पर निर्देशित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं. वहीं मुखबिर की सूचना पर बसना पुलिस ने वार्ड नंबर 10 नायक पारा में गाड़ी नं. त्रछव14ऍर5971 की तलाशी ली. तलाशी लेने पर वाहन के पीछे सीट में चार नग प्लास्टिक बोरियो और बीच सीट में चार नग प्लास्टिक बोरियो के अंदर गांजा पाया गया.।

बाईक सवार पिता पुत्र को ट्रक ने मारी ठोकर, दोनो घायल

अंडा (आरएनएस)। अपने पुत्र को मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा कर जा रहे प्रार्थी की मोटरसाइकिल को ट्रक चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से ठोकर मार दी। इससे पिता-पुत्र दोनों गिर गए और दोनों को चोटें आई। लोगों ने 108 वाहन की मदद से घायल पिता-पुत्र को उतई शासकीय अस्पताल भिजवाया, जहां दोनों को इलाज के लिए भर्ती किया गया। प्रार्थी की शिकायत पर उतई पुलिस धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रमेश साहू निवासी ग्राम मचांदूर कारपेंटर का काम करता है। 14 अप्रैल को वह ग्राम ढौर बस्ती से अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एल एम 9399 में अपने पुत्र मुकेश साहू को पीछे बैठा कर मचांदूर जा रहा था। इसी दौरान ढौर चौक सेलूद के पास ट्रक क्रमांक सीजी 19 बी ई 4018 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। इससे प्रार्थी एवं उसका पुत्र दोनों गिर गए और दोनों के हाथ, पैर, सिर में चोट आई। इसी दौरान ट्रक चालक ट्रक को लेकरफरार हो गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई को जारी करेंगे गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 13.57 करोड़ रूपए

❐ **गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को हो चुका है अब तक 445 करोड़ 14 लाख रूपए का भुगतान**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई दुर्ग जिले के सांकरा पाटन में आयोजित हो रहे भरोसे के सम्मेलन में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 13 करोड़ 57 लाख रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण करेंगे। जिसमें 01 मई से 15 मई तक गौठानों में क्रय किए गए 1.98 लाख क्विंटल गोबर के एवज में ग्रामीण पशुपालकों को 3.95 करोड़ रूपए तथा गौठान समितियों को 5.66 करोड़ एवं स्व-सहायता समूहों को 3.96 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है।

गौरतलब है कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 30 अप्रैल 2023 की स्थिति में 445 करोड़ 14 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 21 मई को 13.57 करोड़ रूपए का भुगतान होने के बाद यह आंकड़ा बढक़र 458 करोड़ 71 लाख रूपए हो जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन की सर्वाधिक लोकप्रिय योजनाओं में से एक गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई 2020 हरेली पर्व से हुई थी। इस योजना के तहत गौठानों में ग्रामीण पशुपालकों से 2 रूपए किलो में गोबर की खरीदी तथा 4 रूपए लीटर में गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। राज्य में सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत गांवों में 10,426 गौठान स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 10,206 गौठान निर्मित एवं संचालित है। संचालित गौठानों में 30 अप्रैल 2023 की स्थिति में 114.28 लाख क्विंटल गोबर क्रय किया गया है, जिसमें गोबर विक्रेताओं को 228 करोड़ 42 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गोधन न्याय योजना से 3 लाख 41 हजार 713 पशुपालक ग्रामीण लाभान्वित हो रहे है, जिसमें 46.51 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस योजना से भूमिहीन ग्रामीणों को भी बड़ा सहारा मिला है। लगभग 2 लाख भूमिहीन परिवार के लोग भी गौठानों में गोबर की बिक्री और रोजगार हासिल कर अपनी आजीविका चलाने में सक्षम हुए हैं।

गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए जा रहे गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट खाद बनाने के साथ ही अन्य सामग्री तैयार की जा रही है। गोबर से अब तक 32.72 लाख क्विंटल कम्पोस्ट खाद तैयार की गई है, जिसमें से 24.54 लाख क्विंटल कम्पोस्ट खाद की खरीदी कर किसानों ने अपने खेतों में उपयोग किया है। इससे राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है।

गौठान और गोधन न्याय योजना के समन्वय से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। आज के स्थिति में गौठान ग्रामीण अंचल में आजीविका के एक मजबूत केन्द्र के रूप में उभरे है। गौठानों में आजीविका मूलक विविध गतिविधियां संचालित है, जिससे जुडक़र महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। गौठानों में सामुदायिक खेती, सब्जी उत्पादन,मुर्गी पालन, बकरी पालन, पशुपालन, मछली पालन, गोबर से प्राकृतिक पेंट, दीया, अगरबत्ती, गमला, गो-काष्ठ का निर्माण भी हो रहा है। गौठानों से 14,504 महिला स्व-सहायता समूह जुड़े हैं, जिनकी सदस्य संख्या 1 लाख 71 हजार 585 है। महिला समूह द्वारा संचालित आयमूलक गतिविधियों से अब तक 131 करोड़ 43 लाख रूपए की आय हो चुकी है।

गौठान में संचालित आयमूलक गतिविधियों एवं गोधन न्याय योजना से हो रहे लाभ के चलते स्वावलंबी गौठानों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। स्वावलंबी गौठान अब अपनी स्वयं की जमा पूंजी से गोबर क्रय करने के साथ-साथ गौठान की अन्य व्यवस्था को भी पूरा करने लगे हैं। राज्य में 5709 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं। गौठानों में गौमूत्र खरीदी कर महिला स्व-सहायता समूह उससे जैविक कीटनाशक ब्रम्हास्त्र एवं फसल वृद्धिवर्धक जीवामृत बनाने और बेचने लगी है। अब तक 74401 लीटर ब्रम्हास्त्र एवं 31478 लीटर जीवामृत की बिक्री से 48.50 लाख रूपए की आय हुई है।

बादल अकादमी के कलाकार बस्तर दशहरा में जमाएंगे रंग, सांस्कृतिक गतिविधियों का होगा विस्तार, स्टूडियो की जल्द होगी शुरुआत

जगदलपुर (आरएनएस)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बादल अकादमी का निरीक्षण किया अपने व्यवहार के अनुकूल कुछ ही क्षणों में वहां पर मौजूद कलाकारों और कर्मचारियों का दिल जीत लिया उन्होंने कहा की बस्तर के लोकगीत और संस्कृति को ना सिर्फ प्रदेश बल्कि पूरे देश भर के लोगों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है इसके लिए आपको जब भी किसी भी चीज की जरूरत हो आप बेझिझक मुझ तक पहुंच सकते हैं और मेरी तरफ से हर संभव मदद की जाएगी सांस्कृतिक गतिविधियों को तेज करने के साथ ही कलाकारों को अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी बस्तर दशहरा जो पूरे देश में मशहूर है उसमें भी आप लोग अपनी अहम भूमिका निभाई है ताकि बस्तर की संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाया जा सके जिसके बाद कलेक्टर ने लोकगीत का आनंद लिया निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि स्टूडियो कि अभी तक शुरुआत नहीं की गई है उन्होंने जल्द से जल्द स्टूडियो को शुरू करवाने का आश्वासन दिया वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें रिकॉर्डिंग के लिए आकाशवाणी जाना पड़ता है जिस पर कलेक्टर ने उन्हें रिकॉर्डिंग के लिए उचित व्यवस्था मुहैया कराने का भी आश्वासन दिया इतना ही नहीं उन्होंने शनिवार का पूरा दिन उनके साथ बिताने और वहां के अलग-अलग समुदाय के लोगों से मिलने की बात कही जिस पर कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी छा गई कर्मचारियों ने बताया कि यहां पर ड्रामा और नाटक का प्रशिक्षण करना चाहते हैं लेकिन यहां उसकी व्यवस्था नहीं है जिस पर कलेक्टर ने जल्द इसकी व्यवस्था करने का आश्वासन दिया उन्होंने यहां प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण भवन और आवासीय भवन, नृत्य मंडप, ओपन एयर थियेटर सहित विभिन्न समाजों के लिए बनाए गए कुटियों का अवलोकन किया और बस्तर में बसने वाली विभिन्न जनजातियों की समृद्ध संस्कृति और परंपरा, आदिवासियों की रीति-नीति, बोली गीत-संगीत, नृत्य आदि के संरक्षण के लिए स्थापित इस अकादमी द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर विजय ने कहा कि विभिन्न जनजातियों की अपनी विशेष संस्कृति और सभ्यताएं हैं, जिन्हें समाजों के लिए आबंटित कुटियों में उभारना चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही यहां संचालित समर क्लास में दिए जा रहे चित्रकला और लोक संगीत के प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने इसके साथ ही इस अवसर पर यहां के कर्मचारियों से परिचयात्मक भेंट भी किया।

इस अवसर पर बादल अकादमी की प्रभारी पूर्णिमा सरोज ने इस दौरान बताया कि बस्तर में कोया, हल्बा, भतरा, धुरवा, मुंडा आदि जनजातियां हैं, जिनकी परंपराएं, रीति-नीति के अभिलेखीकरण का कार्य किया जा रहा है। यहां इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के सहयोग से लोक संगीत का एक और दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स, शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत गायन और वादन, सुगम संगीत के लिएगीतांजलि पाठ्यक्रम तथा चित्रकला का पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

धमतरी विधायक रंजना साहू की कार पलटी, विधायक सहित कार सवार लोगों को आई हल्की चोट

धमतरी (आरएनएस)। धमतरी विधायक रंजना साहू शुक्रवार दोपहर नगरी से देवभोग रोड में सडक़ हादसे में घायल हो गई। विधायक के साथ कार में सवार अन्य लोगों को भी मामूली चोट आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए मैनपुर अस्पताल ले जाया गया है। हादसे में विधायक की कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार धमतरी विधायक रंजना साहू गरियाबंद विधायक डमरूधर पुजारी के बेटे के शादी कार्यक्रम में शामिल होने मुनगा पदर जा रही थी। उस दौरान रास्ते में उनकी इनोवा कार सीजी 05 एजी 7707 झरियाबाहरा से मैनपुर मार्ग में अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस हादसे में विधायक रंजना साहू को मामूली चोट आयी जिन्हें मैनपुर अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। वहीं कार में उनके साथ मंत्री मंडल अध्यक्ष विजय साहू ,नीलू रजक, अनीता यादव ,पीएसओ मौजूद थे उनको भी हल्की चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद विधायक रंजना साहू धमतरी के लिए रवाना हो गई।

छत्तीसगढ़ में कोरोना के केवल 277 सक्रिय मरीज, बीते चौबीस घंटे में केवल 24 नए मरीज मिले

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की रफ्तार काफी कम हो गई है। बीते चौबीस घंटों के दौरान राज्य भर में हुए 2297 सैंपलों की जांच में केवल 24 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं 56 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

कोरोना से बुरी तरह से घबराए प्रदेशवासियों के लिए तथा स्वास्थ्य विभाग के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। राज्य में कोरोना अब समाप्ति के कगार पर है। बीते 24 घंटों में केवल 24 नए मरीज मिले हैं। कल राज्य में 2297 सैंपलों की जांच हुई थी। दूसरी राहत की बात यह है कि बीते चौबीस घंटों में कोरोना संक्रमण से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। एक तरह से कोरोना अब अपने अंतिम चरणों में है।

प्रदेश में सबसे ज्यादा 5 कोरोना संक्रमित मरीज दुर्ग जिले से मिले हैं। बलौदा बाजार से मरीजों की संख्या 3 है, सरगुजा से भी 3 मरीज मिले हैं। रायपुर से 2 मरीजों की पुष्टि हुई है। धमतरी से 2 और बेमेतरा से भी 2 मरीज मिले हैं। इसके अलावा दंतेवाड़ा से 1, बालोद से 1, कांकेर से 1, सूरजपुर से 1, महासमुंद से 1, बिलासपुर जिले से 1 और रायगढ़ से भी 1 मरीज की पुष्टि हुई है।

खुद को पुलिसकर्मी बताकर युवक से वसूली, दो गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर दो लोगों ने एक व्य1ति को पुलिसकर्मी बता कर न सिर्फ डराया-धमकाया बल्कि उससे साढ़े तीन हजार रूपए भी वसूल लिये। मामले की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिर3तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुंदर नगर मिलेनियम चौक निवासी शिवम शर्मा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह गुरूवार रात करीबन शाम साढ़े 6 बजे बूढ़ा तालाब इंडोर स्टेडियम गेट के पास रोड किनारे अपनी स्कूटी से किनारे खड़े होकर अपने मोबाइल फ ोन से अपने मित्र

से बात कर रहा था। उसी समय 2 व्यक्ति प्रार्थी के पास आये और बोले कि तुम किसी लडक़ी से बात करते हो, जिसका वीडियो, फोटो हमारे पास है, उस फोटो एवं वीडियो को सोशल मीडिया मे वायरल कर देंगे कहकर प्रार्थी को डराकर भयभीत कर उसे इंडोर स्टेडियम के अंदर ले गये एवं प्रार्थी से 15 हजार रूपये की मांग करने लगे। दोनों बोले मैडम अधिकारी से बात हो गया है तथा एक व्यक्ति पुलिस के ड्रेस में था एवं ऊपर से सिविल शर्ट पहना हुआ था। प्रार्थी द्वारा मेरे पास 15 हजार रूपये नही है बोलने पर वे दोनो कितने पैसे रखे हो हमे दो बोले जिस पर प्रार्थी अपने जेब में रखे 3480 रूपये को निकाल कर दे दिया। दोनो एक दूसरे को नीतेश सिंह एवं दीपक सोनवानी कहकर बुला रहे थे। प्रार्थी से पैसे लेने के बाद दोनो फरार हो गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 384,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र करते हुए आरोपी नितेश सिंह एवं दीपक सोनवानी निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर को पकडक़र घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। जिसके बाद दोनों आरोपियों को गिर3तार कर उनके क4जे से नगदी रकम जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

बताया जाता है कि आरोपी नितेश सिंह पूर्व पुलिसकर्मी है तथा आरोपी दीपक सोनवानी भी पुलिसकर्मी है जो विगत 0एक वर्ष से ड्यूटी पर नही आ रहा है।

आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों के लिए भर्ती परीक्षा 7 से 22 जून तक

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती के लिए परीक्षा कार्यक्रम का ऐलान कर दिया गया है। प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में 920 पदों पर होने वाले प्रशिक्षा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होगी तथा 22 जून तक चलेगी। आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल को सौंपा गया था। व्यापमं ने अब परीक्षा के लिए टाइम टेबल तय कर लिया है। व्यापमं के अनुसार प्रशिक्षण अधिकारी इन्फॉर्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस की परीक्षा 7 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट की परीक्षा 7 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 तक होगी। इसी तरह प्रशिक्षण अधिकारी इलेक्ट्रिशियन की परीक्षा 8 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी वायरमैन की परीक्षा 8 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी कारपेंटर की परीक्षा 9 जून को सवेंरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी टर्नर की परीक्षा 9 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह प्रशिक्षण अधिकारी ड्राइवर कम मैकेनिक की परीक्षा 12 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मैकेनिक मोटर व्हीकल की परीक्षा 12 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन) की परीक्षा 13 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी हॉस्पिटल हाउस कीपिंग की परीक्षा 13 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। प्रशिक्षण अधिकारी फि टर की परीक्षा 14 जून को सवेंरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी वेल्डर की परीक्षा 14 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी मैकेनिक डीजल की परीक्षा 15 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी ट्रैक्टर मैकेनिक की परीक्षा 15 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण अधिकारी मशीनिस्ट की परीक्षा 20 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी शीट मेटल वर्कर की परीक्षा 20 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस (अंग्रेजी) की परीक्षा 21 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, प्रशिक्षण अधिकारी सिविंग टेक्नॉलाजी की परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक तथा प्रशिक्षण अधिकारी एम्प्लायबिलिटी स्किल की परीक्षा 22 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी।

मुख्यमंत्री 21 को महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क कुर्मीगुंडरा का करेंगे लोकार्पण

❐ **दो करोड़ रूपए की लागत से तीन एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है औद्योगिक पार्क**

❐ **वाई-फाई और बैंकिंग हेतु कियोस्क जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस है यह औद्योगिक पार्क**

❐ **हेल्दी स्नैक्स मेनुफेक्चरिंग यूनिट, बकरी पालन यूनिट और नर्सरी यूनिट की गई है स्थापित**

❐ **मिलेट इंस्टेंट प्रीमिक्स, मल्टीमिलेट्स फ्लोर्स, एनर्जी बार जैसे उत्पाद हो रहे हैं तैयार**

❐ **उत्पादों की बिक्री सर्वदा लाईफ इंडस्ट्रीज द्वारा की जा रही है**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम सांकरा में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में ग्राम कुर्मीगुंडरा में 2 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) का लोकार्पण करेंगे। लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित इस ग्रामीण औद्योगिक पार्क में हेल्दी स्नैक्स मेनुफेक्चरिंग यूनिट, बकरी पालन यूनिट तथा नर्सरी यूनिट की स्थापना की गई है।

कुर्मीगुंडरा रीपा में 2 डोमशेड, महिला एवं पुरूष के लिए दो शौचालय, एप्रोच रोड, चारों ओर बाउंड्रीवाल से घेरे का निर्माण किया गया है। रीपा के अंदर एक प्राशासनिक क्षेत्र का निर्माण किया गया है, जिसमें बैंकिंग सुविधा हेतु कियोस्क, इंटरनेट सुविधा हेतु वाई-फाई कनेक्शन तथा राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी हेतु हेल्प डेस्क बनाई गई है। रीपा परिसर के मध्य में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई है।

यहां स्थापित हेल्दी स्नैक्स मेनुफेक्चरिंग यूनिट में युवाओं द्वारा इंस्टेंट प्रीमिक्स, मिलेट इंस्टेंट प्रीमिक्स, मल्टीमिलेट्स फ्लोर्स, एनर्जी बार तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। यहां बनने वाले उत्पादों की सर्वदा लाईफ इंडस्ट्रीज के द्वारा बिक्री की जा रही है। उत्पादों की मार्केटिंग के लिए व्यावसायिक बाजार तैयार किया जायेगा, जिसमें डीलर, होलसेलर, रिटेलर के माध्यम से उत्पादों की बिक्री की जाएगी। इसके साथ ही साथ स्थानीय बाजार की मांग के अनुरूप निकट भविष्य में अन्य वेराइटी के हेल्दी स्नैक्स की मेनुफेक्चरिंग इस यूनिट में की जाएगी। रीपा में स्थापित बकरी पालन यूनिट तथा नर्सरी यूनिट में नए उत्पादों को भी स्थान दिया जाएगा।

इस रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के मुख्य डोम, रोजगार गुड़ी के साथ सेवा क्षेत्र में भी युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

वर्तमान में कुर्मीगुंडरा रीपा में लगभग 70 युवाओं को रोजगार प्राप्त है। ऑनलाईन मार्केटिंग तथा आस-पास के दुकानदारों के माध्यम से भी उत्पादों का विक्रय किया जायेगा। साथ ही तैयार उत्पादों को शासकीय विभागों में भी सप्लाई किया जा रहा है ताकि उत्पाद की खपत सुनिश्चित कर कार्य कर रहे श्रमिकों को रोजग़ार की गारंटी प्रदान कर उनके भविष्य को आर्थिक दृष्टिकोण से बेहतर और समृद्ध बनाया जा सके।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU